भारत सरकार

श्रम एवं रोजगार मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1351

सोमवार, 10 फरवरी, 2020 / 21 माघ 1941 (शक)

झारखंड में चल रहे ईएसआई अस्पताल

1351. श्री चन्द्र प्रकाश चौधरी:

क्या **श्रम और रोजगार मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्तमान में झारखंड में चल रहे ईएसआई अस्पतालों की जिला-वार संख्या एवं ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार का विचार झारखंड और गिरीडीह में नए ईएसआई अस्पतालों की स्थापना करने का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) कामगारों को समीपवर्ती स्थानों पर ईएसआई अस्पताल नहीं होने की स्थिति में सरकार द्वारा क्या स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाती हैं;

(घ) तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में किन-किन स्थलों का चयन किया गया है तथा इस प्रयोजनार्थ इस वित्तीय वर्ष में कितनी निधि आरक्षित की गई है तथा जारी किए जाने का प्रस्ताव है?

उत्तर

श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री संतोष कुमार गंगवार)

(क): वर्तमान में झारखण्ड राज्य में तीन कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) अस्पताल चल रहे हैं। जिलावार ब्यौरे निम्नानुसार हैं:-

क्रम संख्या	जिला	अस्पताल का नाम
1.	धनबाद	ईएसआईएस अस्पताल मैथन
2.	पूर्वी सिंहभूम	ईएसआईसी अस्पताल आदित्यपुर
3.	रांची	ईएसआईसी अस्पताल नामकुम

(ख): झारखण्ड के गिरिडीह अथवा बोकारो जिले में नया ईएसआई अस्पताल स्थापित करने हेतु झारखण्ड की राज्य सरकार से कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

(ग) और (घ): समीपवर्ती स्थानों पर ईएसआई अस्पताल नहीं होने की स्थिति में, लाभार्थी राज्य सरकार द्वारा ईएसआई योजना के अंतर्गत पैनल में शामिल किए गए अस्पतालों के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त कर सकते हैं अथवा कराए गए उपचार के लिए राज्य ईएसआई योजना से प्रतिपूर्ति का दावा कर सकते हैं।

*****